वर्ष 1 - अंक 87
शुक्रवार 28 फरवरी 2025- कुल पृष्ठ - 4
RNI - NO. MPHIN/2015/64585



# रणजीत टाइम्स

## शिवराज सिंह ने माना

# लाडली बहना वोट दिलाऊ योजना हार के डर से घोषित की गई?

रणजीत टाइम्स » प्रवेश सिंह

मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव 2023 में " लाडली बहना योजना" लागू करके पूरा का पूरा माहौल बदल देने वाले मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इनडायरेक्ट तौर पर स्वीकार किया है कि, लाडली बहना योजना, वोट दिलाऊ योजना थी और विधानसभा चुनाव में हार जाने के डर से घोषित की गई थी। हालांकि उन्होंने अपने पूरे भाषण के दौरान "लाडली बहना योजना" का नाम तक नहीं लिया परंतु वह जो कहना चाहते थे, सब समझ गए।

### चुनावों के कारण कई फैसले प्रभावित होते हैं

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के एक प्राइवेट कॉलेज में आयोजित 'एक देश-एक चुनाव' कार्यक्रम में स्टूडेंट्स के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया था। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बार-बार चुनावों के कारण कई फैसले प्रभावित होते हैं। गवर्नेंस प्रभावित होती है, विकास रुक जाता है पैसे की बर्बादी होती है। कई बार तो वोट दिलाऊ फैसले भी करने पड़ते हैं।



### संगठन शक्तिशाली ना हो तो सरकार को चुनाव लड़ना पड़ता है

शिवराज ने कहा, चुनाव में पीएम, सीएम सब लगे रहे। केन्द्रीय मंत्री मुझे बनाया गया और कहा गया झारखंड के चुनाव में जाओ। तीन महीने वहीं पड़ा रहा। कृषि की तरफ ध्यान ही नहीं रहा। फोकस चुनाव पर हो गया। मेरे जैसे कितने लोग लगे रहे। ये केवल एक पार्टी में नहीं सभी पार्टियों के मंत्री, मुख्यमंत्री, विधायक सांसद लगे रहते हैं।

### चुनाव में पीछे से भी बहुत खर्चा होता है

शिवराज ने कहा- अलग-अलग चुनाव क्यों होने चाहिए? हर चार-छह महीने में चुनाव हो रहे हैं। गवर्नेंस प्रभावित होता है। धन का अपव्यय होता है। असल में तो औपचारिक खर्चा दिखता है, पीछे से और कितना खर्चा होता है। चुनाव आयोग ने इस चुनाव में गाड़ियों से पैसे पकड़े थे। एक तरफ धन का अपव्यय होता है, दूसरी तरफ सरकारें लॉन्ग टर्म प्लानिंग नहीं कर पातीं।

### चुनाव के कारण पीएम मोदी के भी कई फैसले प्रभावित हुएः शिवराज सिंह चौहान

शिवराज सिंह चौहान ने कहा- प्रधानमंत्री मोदी ने कई बड़े और कड़े फैसले लिए हैं। लेकिन, कई बार चुनाव के डर में कई ऐसे फैसले नहीं हो पाते कि वोट बिगड़ गया और नुकसान हो गया, तो वोट बचाओ। ऐसे कई फैसले प्रभावित होते हैं, जो बच्चों का भविष्य बेहतर बना सकते हैं। प्रदेश का विकास कर सकते हैं। देश को आगे बढ़ा सकते हैं। वोट के डर में फैसले प्रभावित होते हैं।

विशेष नोटः- अपने बेटे के विवाह कार्यक्रम के दौरान पारिवारिक रीति रिवाज तक के फोटो वीडियो फेसबुक पर अपलोड करने वाले श्री शिवराज सिंह चौहान ने इस कार्यक्रम के फोटो वीडियो अपलोड नहीं किए। जिस प्राइवेट कॉलेज में कार्यक्रम हुआ। उसने भी कार्यक्रम का पूरा वीडियो नहीं दिया। इसलिए माना जा सकता है कि, "एक देश एक चुनाव" की उपयोगिता को साबित करने के लिए, शिवराज सिंह जी ने अपना दर्द साझा करना शुरू किया।

---

## ट्रस्ट को जैन मंदिर सौंपने का विरोध

रणजीत टाइम्स » अनिल चौधरी

इंदौर। पाटनीपुरा जैन मंदिर के अध्यक्ष अरुण जैन फणीस ने दिगंबर जैन समाज का मंदिर बगैर सहमति और बिना किसी को बताए श्री गोलालारीय दिगंबर जैन समाज (न्यास) को सौंप दिया। इससे नाराज समाज के लोगों ने थाना एमआईजी में शिकायत करते हुए अरुण फणीस के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। दिगंबर जैन समाज, पाटनीपुरा में 40 साल से मंदिर संभाल रहा है। कुछ साल पहले अध्यक्ष बने अरुण फणीस ने इसे श्री गोलालारीय दिगंबर जैन समाज (न्यास) को सौंपने का फैसला कर लिया। ताबड़तोड़ बोर्ड लगाकर मंदिर को कब्जा करने की कोशिश हुई। इससे समाज नाराज है। पाटनीपुरा दिगंबर जैन समाज की महिलाएं रात को थाना एमआईजी पहुंचीं। धरना दिया और कार्रवाई की मांग की। समाज के लोगों का कहना था कि अकेला व्यक्ति निर्णय कर कैसे मंदिर किसी ट्रस्ट को सौंप सकता है, जबकि चुनाव 27 फरवरी को होना तय हुए थे। पाटनीपुरा जैन मंदिर के सामने भी प्रदर्शन की तैयारी है।



## कल्पना नगर और शिवनगर में खोदी गई सड़कों को तुरंत रिपेयर करें

रणजीत टाइम्स » प्रवेश सिंह

भोपाल। मध्य प्रदेश सरकार में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), एवं भोपाल की गोविंदपुरा सीट से विधायक श्रीमती कृष्णा गौर ने एमपीईबी के अधिकारियों से कहा कि बिजली की अंडरग्राउंड केबिल बिछाने में खोदी गई सड़कों की तुरंत मरम्मत करें। श्रीमती गौर ने कल्पना नगर, शिव नगर फेस-1 और फेस-2 वार्ड 73 के पार्षद श्री राजू राठौर की शिकायत पर निर्देश दिये।

कृष्णा गौर में बिजली कंपनी को एक सप्ताह का समय दिया9 राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि खोदी गई सड़कों की मरम्मत को एक सप्ताह में करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वह स्वयं क्षेत्र में भ्रमण कर दिये गये निर्देशों के अनुक्रम में की गई कार्यवाही का जायजा लेगी। श्रीमती गौर ने कहा कि भविष्य में सड़क निर्माण ऐजेंसी, नगर निगम और एमपीईबी के अधिकारी समन्वय बनाकर रखें जिससे ऐसी स्थिति नहीं बने। सड़क बनने के पहले केबिल बिछाने का कार्य किया जाये।



# मध्यप्रदेश में मंदिरों के कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार का आरोप, पुजारी संगठन ने दायर की रिट याचिका



**रणजीत टाइम्स**

इंदौर। मध्यप्रदेश में मंदिरों के प्रशासन और संपत्तियों के प्रबंधन को लेकर मठ-मंदिर पुजारी संगठन ने शासन के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। संगठन का कहना है कि सरकार द्वारा मंदिरों और उनकी संपत्तियों को अपने नियंत्रण में लेने से धार्मिक संप्रदायों के मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा है। इस संबंध में संगठन ने माननीय उच्च न्यायालय, इंदौर में एक रिट याचिका दायर की है। याचिका में मध्यप्रदेश शासन के धर्मस्व विभाग, राजस्व विभाग, आयुक्त इंदौर और कलेक्टर इंदौर को नोटिस जारी करने की मांग की गई है।

### मंदिरों की भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप

मठ-मंदिर पुजारी संगठन के अध्यक्ष ऋषभ बैरागी ने बताया कि शासन के अधिकारी मंदिरों की भूमि पर अवैध कब्जा कर रहे हैं और मंदिर संपत्तियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार धार्मिक संपत्तियों का अधिग्रहण कर रही है, जिससे मंदिरों का पारंपरिक और धार्मिक प्रशासन प्रभावित हो रहा है।

### उच्च न्यायालय से न्याय की गुहार

संगठन ने उच्च न्यायालय से अनुरोध किया है कि संविधान के अनुच्छेद 26 के तहत धार्मिक संप्रदायों को प्राप्त मौलिक अधिकारों को लागू किया जाए। इसके साथ ही, मंदिरों को सरकारीकरण से मुक्त करने और अतिक्रमण की गई भूमि को वापस दिलाने की भी मांग की गई है। यह मामला प्रदेश में मंदिर प्रशासन और धार्मिक संपत्तियों के नियंत्रण को लेकर एक महत्वपूर्ण बहस छेड़ सकता है। अब देखना होगा कि उच्च न्यायालय इस पर क्या रुख अपनाता है।

# प्रपोज रिंग' मिलने के बाद MPPSC स्टूडेंट को मिला धोखा, पहुंची थाने



**रणजीत टाइम्स**

भोपाल शहर में एसपीपीएससी की तैयारी कर रही छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता के साथ शादी का वादा कर आरोपी 1 साल तक दुष्कर्म करता रहा। जब आरोपी शादी के वादे से मुकर गया, तो पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ हबीबगंज थाने में एफआईआर दर्ज करवाई। पुलिस के अनुसार पीड़िता की आरोपी से मुलाकात एक कैफे में हुई थी।

आरोपी और पीड़िता के कुछ दोस्तों के माध्यम से दोनों में दोस्ती हो गई। इसके बाद आरोपी वेदांत कुंभारे ने पीड़िता को शादी के लिए प्रपोज किया और एक रिंग भी गिफ्ट की। जिसके बाद आरोपी ने पीड़िता को अपने घर बुलवाया और उसके साथ दुष्कर्म कर दिया 1 साल तक दोनों रिश्ते में रहे लेकिन जब पीड़िता के शादी का कहने पर आरोपी ने शादी के लिए मना कर दिया तो पीड़िता ने हबीबगंज पुलिस को मामले की शिकायत दर्ज करवाई। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और आरोपी की तलाश की जा रही है।

# सुरक्षा बलों को कामयाबी

## बीजापुर में अरेस्ट किए 18 नक्सली, विस्फोटकों को भी किया जब्त



**रणजीत टाइम्स**

छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है. सुरक्षा बलों ने बीजापुर में 18 नक्सलियों को अरेस्ट किया है. इन नक्सलियों के पास से सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में विस्फोटकों को बरामद किया है. सुरक्षा बलों ने पकड़े गए नक्सलियों की तस्वीरें और वीडियो भी जारी की हैं. इससे पहले 25 फरवरी 2025 को छत्तीसगढ़ में 9 माओवादियों ने सरेंडर किया था।

### माओवादियों ने किया सरेंडर

सरेंडर करने वाले 9 माओवादी वामपंथी उग्रवाद प्रभावित संगठन भाकपा माओवादी की सबसे सशक्त बटालियन पीएलजीए से जुड़े हुए थे. इनमें दो इनामी नक्सली भी शामिल थे, जिनमें से एक पर आठ लाख रुपये और दूसरे पर चार लाख रुपये का इनाम था. बीजापुर पुलिस ने बताया यह आत्मसमर्पण राज्य सरकार की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर किया गया है।

### माओवादियों की पहचान

सरेंडर करने वाले माओवादियों की पहचान को सुरक्षाबलों ने उजागर किया है. आत्मसमर्पण करने वालों में रमेश कारम, सिंगा माड़वी, लक्ष्मी माड़वी, पुल्ली ईरपा, भीमे मड़कम, रामलू भंडारी, देवा मड़कम, रामा पुनेम और हुंगा माड़वी शामिल हैं. ये सभी नक्सली विभिन्न माओवादी गतिविधियों में शामिल रहे थे और कई गंभीर वारदातों में उनकी भागीदारी रही है।

# राजधानी भोपाल फिर हुआ शर्मसार

राजधानी भोपाल से एक बार फिर से शर्मसार करने वाली खबर सामने आई है दरअसल, यहां एक 60 साल के बुजुर्ग ने अपने पड़ोस में रहने वाली 5 साल की बच्ची के साथ गुरुवार को हैवानियत की घटना को अंजाम दिया

## 5 साल की मासूम संग 60 साल के दरिंदे ने किया मुंह काला



**रणजीत टाइम्स**

बताया जाता है कि जिस वक्त मासूम के साथ आरोपी ने बैड टच और प्राइवेट पार्ट के साथ छेड़छाड़ की, उस समय वह घर में अकेली थी. आरोपी मासूम के साथ दुष्कर्म करने के बाद फरार हो गया. जब परिजन घर पहुंचे, तो बच्ची के प्राइवेट पार्ट से खून का रिसाव और सूजन होने पर मामले का खुलासा हुआ।

### बच्ची को अकेला पाकर की हैवानियत

बच्ची के साथ दरिंदगी के बारे में पता चलते ही मासूम के परिजन जब बच्ची को अस्पताल लेकर पहुंचे, तो हैवानियत का पूरा सच सामने आ गया पीड़ित बच्ची के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी शमशाद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. गांधीनगर इलाके में 5 साल की मासूम के साथ पड़ोस में रहने वाले 60 साल के बुजुर्ग ने हैवानियत की. बच्ची की नानी किराने की दुकान पर सामान लेने गई थी, इसी का आरोपी ने फायदा उठाया और घटना को अंजाम दिया।

# कारोबारी के परिवार को बंधक बनाकर 30 लाख की लूट

**रणजीत टाइम्स**

सरगुजा जिले में 3 नकाबपोश हथियार बंद बदमाशों ने किराना कारोबारी के परिवार को बंधक बनाकर 30 लाख की लूट की है। बदमाश 25 लाख के जेवरात और ढाई लाख कैश लूट ले गए। घटना CCTV में कैद हो गई। मामला सीतापुर थाना इलाके के नवापारा का है। जानकारी के मुताबिक, रिटायर्ड डिप्टी रेंजर राधेश्याम गुप्ता का परिवार बुधवार की रात खाना खाने के बाद घर पर सो रहा था। उनका बेटा अजय गुप्ता किराना दुकान चलाता है। रात करीब 1:30 बजे कट्टे और तलवार से लैस 3 नकाबपोश बदमाश छत का गेट तोड़कर घर में घुस गए।अलमारी में रखे कैश और सोने-चांदी के जेवरात निकलवा कर लूटे। महिलाओं से पहने जेवर भी उतरवा लिए।



### घर के सदस्यों को बंधक बनाकर लूट

बदमाशों ने राधेश्याम गुप्ता समेत उनके दो बेटों के कमरे को खटखटाकर खुलवाया। उसके बाद पूरे परिवार को बंधक बनाकर जान से मारने की धमकी दी। उनके अलमारी में रखे कैश और सोने-चांदी के जेवरात निकलवा कर लूट लिए। महिलाओं से पहने जेवर भी उतरवा लिए।

### मोबाइल फेंका, घर बंद कर भागे

इतना ही नहीं बदमाशों ने परिवार के सभी सदस्यों के फोन छीन लिए। जिसे जाते समय घर के बाहर फेंक दिया। पूरे परिवार को कमरों में बंद कर दिया। फिर भाग गए। राधेश्याम गुप्ता के पोते का कमरा बाहर से बंद नहीं होता था। उसे लुटेरों ने वैसे ही छोड़ दिया। जिसके बाद पोते ने घर में बंधक बने परिजनों को दरवाजा खोलकर बाहर निकाला। उन्होंने आवाज देकर पड़ोस में रहने वाले राधेश्याम गुप्ता के भाई के परिवार को उठाया। भाई ने मेन गेट खोला, तब सभी लोग बाहर निकल पाए।

# कोरबाः एल्यूमीनियम फैक्ट्री में बड़ा हादसा, कॉलम गिरने से महिला मजदूर की दर्दनाक मौत



**रणजीत टाइम्स**

कोरबा। जिले के उरगा थाना क्षेत्र के पताढ़ी गांव में संचालित मारुति एल्यूमीनियम प्राइवेट लिमिटेड में काम के दौरान बड़ा हादसा हो गया। निर्माण कार्य के दौरान एक भारी कॉलम गिरने से दो महिला मजदूर इसकी चपेट में आ गईं। इस दर्दनाक घटना में एक महिला मजदूर की मौत हो गई, जबकि दूसरी को मामूली चोटें आईं।

### कैसे हुआ हादसा?

जानकारी के अनुसार, फैक्ट्री में नींव खुदाई का काम चल रहा था। इस दौरान अचानक भारी भरकम कॉलम असंतुलित होकर गिर पड़ा। वहां काम कर रही उर्मिला नामक महिला मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे बचाने की पूरी कोशिश के बाद भी उसकी जान नहीं बचा सके। दूसरी महिला को हल्की चोटें आईं, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

### हादसे के बाद हड़कंप, लापरवाही के आरोप

घटना के बाद फैक्ट्री में अफरा-तफरी मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और उन्होंने कंपनी प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि सुरक्षा उपायों में कोताही बरती गई, जिसके कारण यह हादसा हुआ।

### पुलिस जांच में जुटी, कार्रवाई तय

घटना की सूचना मिलते ही कोरबा सीएसपी भूषणा एक्का ने फैक्ट्री पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। उन्होंने कहा, "महिला मजदूर की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसकी विस्तृत जांच की जा रही है। यदि कंपनी की लापरवाही पाई जाती है, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।"

# कोरबा नगर निगम में भाजपा की ऐतिहासिक जीत, 3 मार्च को होगा महापौर व पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह

कोरबा, 28 फरवरी – नगरीय निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए महापौर पद के साथ ही अधिकांश वार्डों पर कब्जा जमाया है। दस साल बाद कोरबा नगर निगम की सत्ता में वापसी करते हुए भाजपा प्रत्याशी संजू देवी राजपूत ने कांग्रेस को करारी शिकस्त दी और महापौर पद पर कब्जा जमाया।



**भाजपा ने 67 में से 45 वार्डों पर जमाया कब्जा-** कोरबा नगर निगम के कुल 67 वार्डों में से 45 पर भाजपा ने जीत दर्ज कर अपनी मजबूत स्थिति साबित की, जबकि कांग्रेस को बड़ा झटका लगा। इस जीत के साथ भाजपा ने स्पष्ट संदेश दिया कि नगर निगम में सत्ता की चाबी अब उनके हाथ में है।

**3 मार्च को होगा शपथ ग्रहण समारोह-** चुनाव में शानदार जीत के बाद कोरबा नगर निगम की नई महापौर संजू देवी राजपूत व सभी नवनिर्वाचित पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह 3 मार्च को आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम दोपहर 2 बजे घंटाघर मैदान में होगा, जहां सभी विजयी पार्षद शपथ लेंगे।

# इंदौरः बाणगंगा इलाके में फैक्ट्री संचालित करने वाले एक कारोबारी ने आत्महत्या कर ली

**रणजीत टाइम्स**

बताया जा रहा है कि, वह रात में अपनी फैक्ट्री पहुंचे और फांसी लगा ली। कर्मचारियों ने उन्हें देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। बताया जा रहा है कि वह लंबे समय से परिवार को लेकर तनाव में थे, साथ ही कुछ पारिवारिक समस्याओं की बात भी सामने आई है। बाणगंगा पुलिस के मुताबिक, मधुंचल रोलिंग फैक्ट्री के मालिक अनिल (65) पुत्र नंदकिशोर जैन, निवासी कंचन बाग, ने अपनी फैक्ट्री में सुसाइड कर ली। बुधवार रात वह फैक्ट्री पहुंचे, और करीब 11 बजे उन्हें ऑफिस में फंदे से लटका पाया गया। कर्मचारियों ने तत्काल उन्हें अरविंदो अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अनिल जैन इंदौर में मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए माल की सप्लाई करते थे। इसके अलावा, उनका व्यापार कई बड़ी कंपनियों के साथ भी चलता था। अनिल का नाम इंदौर के बड़े कारोबारियों में शुमार था।



पुलिस के अनुसार, अभी तक परिवार के बयान दर्ज नहीं हो सके हैं, लेकिन पारिवारिक विवाद के कारण वह तनाव में।





## प्रशासन की विशेष इंतजाम व्यवस्था

उज्जैन महाकाल की पवन नगरी में एक अनोखा मामला सामने आया है जहा महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर उज्जैन महाकाल की नगरी में प्रशासन का विशेष इंतजाम व्यवस्था के चलते आने वाले भक्तों में आई महिला निरीक्षक अनिला द्वारा मध्य प्रदेश पुलिस तथा उज्जैन पुलिस का एक बहुत ही धार्मिक व भावनात्मक कार्य देखने को मिला जब उन्होंने कुछ दिव्यांग जनों को व्हीलचेयर उपलब्ध करवा कर और मध्य प्रदेश पुलिस की सामुदायिक पुलिसिंग को आगे बढ़ते हुए देशभक्ति जन सेवा प्रस्तुत की है।

# वित्त आयोग का इंदौर भ्रमण 7 मार्च को



सोलहवें वित्त आयोग का इन्दौर भ्रमण 07 मार्च को प्रस्तावित है। आयोग के दल में अध्यक्ष श्री अरविंद पनगढ़िया सहित आठ सदस्य रहेंगे। आयोग के सदस्य इंदौर में देवगुराड़िया स्थित बॉयोगैस प्लांट का भ्रमण करेंगे और इसके पश्चात पीथमपुर में एस.ई.जेड. का अवलोकन करेंगे। तत्पश्चात ओंकारेश्वर का भ्रमण भी आयोग द्वारा किया जाएगा। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में कलेक्टर इंदौर श्री आशीष सिंह, पुलिस महानिरीक्षक श्री अनुराग, डीआईजी ग्रामीण श्री निमिष अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीमती हितिका वासल, नगर निगम कमिश्नार श्री शिवम वर्मा, कलेक्टर धार श्री प्रियंक मिश्रा, कलेक्टर खंडवा श्री ऋषभ गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में भ्रमण की संपूर्ण व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। ये रहेंगे प्रतिनिधि मंडल में वित्त आयोग के प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष डॉ.अरविंद पनगढ़िया, सदस्य सर्वश्री अजय नारायण झा, श्रीमती एनी जॉर्ज मैथ्यू, डॉ. मनोज पांडा, डॉ. सौम्याकांति घोष, श्री ऋत्विक पांडे, श्री के. के. मिश्रा और श्री कुमार विवेक शामिल हैं।

# नित नए तरीकों से साइबर क्रिमिनल्स दे रहे हैं विभिन्न साइबर फ्रॉड को अंजाम

**सतर्क और जागरूक रहकर ही किया जा सकता है इनके मंसूबों को नाकाम**

**अति. पुलिस उपायुक्त दंडोतिया ने टीम के साथ लायंस क्लब महानगर से की चर्चा**





## इंदौर पुलिस की साइबर पाठशाला में लायंस क्लब इंदौर सदस्यों ने विभिन्न साइबर फ्रॉड के तरीकों के साथ ही लिया, उनसे से बचने का भी ज्ञान

इंदौर। वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये, इसके प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से, पुलिस कमिश्नर इंदौर संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा लगातार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में अति. पुलिस उपायुक्त क्राइम इंदौर श्री राजेश दंडोतिया ने टीम के साथ लायंस क्लब महानगर इंदौर के कार्यक्रम में पहुंचकर, सायबर अवेयरनेस के तहत कार्यशाला में वहां उपस्थित करीब 120 सदस्यों को विभिन्न प्रकार के साइबर फ्रॉड, फाइनेंशियल फ्रॉड और सोशल मीडिया से संबंधित अपराधों की जानकारी दी और साइबर अपराध होने पर साइबर हेल्पलाइन-1930, पोर्टल cybercrime.gov.in, इंदौर पुलिस की साइबर हेल्पलाइन 7049124445 आदि पर किस प्रकार शिकायत करें तथा पुलिस इन पर किस प्रकार कार्यवाही करती है और साइबर अपराधों से बचने के लिए किन बातों का ध्यान रखें आदि के संबंध में, प्रैक्टिकली समझाया।

उन्होंने सभी से कहा कि वर्तमान में लगभग अधिकतर कार्य और विशेषकर बैंकिंग कार्य ऑनलाइन हो गया है, इसी का दुरुपयोग कर साइबर क्रिमिनल्स बैंकिंग और फाइनेंशियल फ्रॉड पर ही सबसे ज्यादा फोकस्ड कर, लोगों को लालच देकर और डर दिखाकर फेक कॉल्स व फर्जी लिंक और नए-नए विभिन्न तरीको से अपने जाल में फंसा विभिन्न फाइनेंशियल और डिजिटल अरेस्ट, सेक्सटॉर्शन जैसे फ्रॉड कर रहे है। सतर्कता और जागरूकता से ही इससे बचा जा सकता है।

इसलिए हम जागरूक और सतर्क रहकर पूरी सावधानी के साथ ऑनलाइन फाइनेंशियल काम करें , फर्जी कॉल व लिंक से बचकर रहे, सोशल मीडिया पर भी ध्यान रखें तथा अपनी निजी जानकारी किसी से भी शेयर नहीं करें ।

इस दौरान पुलिस टीम ने सभी को साइबर अवेयरनेस के पम्पलेट्स व स्टिकर्स भी दिए और सभी को साइबर जागरूकता लाने में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। इंदौर पुलिस द्वारा साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने के इस अभियान के तहत, यदि कोई स्कूल/कॉलेज, संस्थान, इकाई, कॉलोनी आदि में भी साइबर अवेयरनेस की कार्यशाला आयोजित करना चाहता है या कोई जानकारी चाहता है तो वह इंदौर पुलिस के नंबर 7587629846 पर संपर्क कर सकता है।